प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 23.04.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- खूंटी लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने किया नामांकन दाखिल, सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार जोबा मांझी ने भी पर्चा भरा।
- मादक पदार्थो के अवैध उत्पादन और उसकी खरीद बिक्री पर नियंत्रण को लेकर पुलिस महानिदेशक झारखंड आज राज्य के सभी अधिकारियों के साथ कर रहे हैं बैठक।
- जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर अब एक मई को होगी सुनवाई।
- आईपीएल क्रिकेट में आज लखनऊ का मुकाबला चेन्नई से शाम साढ़े सात बजे से।

**********************

सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार और झामुमो प्रत्याशी जोबा मांझी ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, झामुमो नेता कल्पना सोरेन, सहित महागठबंधन के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

इधर, एनडीए के प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने भी खूंटी लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू सुप्रिमो सुदेश महतो और लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा भी उपस्थित थे।

**********************

राज्य में मादक पदार्थो के अवैध उत्पादन और उसके खरीद बिक्री पर नियंत्रण के लिए पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह सभी पुलिस अधिकारियों के साथ आज बैठक कर रहे हैं। पुलिस मुख्यालय में आयोजित इस बैठक में सभी जिलों में मादक पदार्थो पर रोक लगाने के लिए क्या–क्या कार्रवाई की जा रही है इस पर भी समीक्षा की जाएगी।

**********************

लोकसभा आम निर्वाचन और गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 को लेकर गिरिडीह जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रत्येक दिन नए नए उपाय किए जा रहे हैं। कभी मिठाई दुकान में डब्बों पर चुनाव के लिए स्टीकर लगाने का काम किया जा रहा है तो कभी पर्यटक स्थल खंडोली में लोगों को वोट करने का संकल्प दिलाया जा रहा है। व्यापक जन जागरूकता को लेकर एलईडी जागरूकता वाहन के माध्यम से जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों में प्रचार प्रसार किया जा रहा है। डिजिटल वैन के माध्यम से गांव, कस्बों, टोलों में जाकर लोगों को मतदान और चुनावी प्रक्रिया के संबंध में जागरूक किया जा रहा है।

**********************

जिला निर्वाचन पदाधिकारी चतरा रमेश घोलप के निर्देश पर चतरा जिले के विभिन्न प्रखंडों में मतदाता सूची में नाम शामिल कराने की अंतिम तारीख 23 अप्रैल यानी आज जानकारी देने का कार्य जोर शोर से किया जा रहा है। इसके लिए गावों में जन जागरूकता कार्यक्रमों के दौरान बी एल ओ से संपर्क करने और फॉर्म 6 भरने के संबंध में भी लोगों को बताने का कार्य किया जा रहा है।

**********************

गुमला में जिला प्रशासन की ओर से लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर अंतर्राज्यीय तथा गुमला से सटे सीमावर्ती जिलों की सीमा पर अस्थायी चेकपोस्ट बनाकर हर प्रकार के वाहनों की गहन जांच की जा रही है।

गुमला जिला में चुनाव के कार्यों में किसी प्रकार का व्यवधान नहीं हो इसको लेकर जिला एवं पुलिस प्रशासन हर प्रकार की गतिविधि पर पैनी नज़र रख रही है।

***********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हनुमान जयंती के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने भगवान हनुमान को याद करते हुए कहा कि पवन पुत्र का समर्पण सभी राम भक्तों के लिए प्रेरणादायी है। श्री मोदी ने कामना की है कि भगवान हनुमान के आशीर्वाद से विकसित भारत को नई ऊर्जा मिलेगी।

***********************

पाकुड़ में स्वतंत्रता सेनानी वीरकुंवर सिंह की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। आम सहित खास लोगों के अलावे अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने वीरकुंवर सिंह की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया।

***********************

गोड्डा जिले में हो रहे बाल विवाह को स्थानीय लोगों के प्रयास से रोका गया। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

***********************

जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर आज पीएमएलए की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय देने का आग्रह किया गया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए सुनवाई के लिए अगली तिथि एक मई को निर्धारित की है। ईडी को तीस अप्रैल तक जवाब दाखिल करना है।

***********************

जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार जेएमएम नेता अंतू तिर्की, जमीन कारोबारी बिपीन सिंह, प्रिय रंजन सहाय और इरशाद अख्तर की रिमांड अवधि पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने छह दिन बढ़ा दी है। ईडी ने इन चारो से पूछताछ के लिए कोर्ट से सात दिनों की रिमांड बढ़ाने का आग्रह किया था, इन सभी को ईडी ने सोलह अप्रैल को गिरफ्तार किया था। उसके बाद से ये पूछताछ के लिए रिमांड पर थे। आज इनकी रिमांड अवधि पूरी हो रही थी। इसके बाद इन्हें पीएमएलए की विशेष कोर्ट में पेश किया गया।

***********************

झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार, झालसा के निर्देश पर राज्यभर के सभी जिलों में कल से 27 अप्रैल तक स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। सरायकेला जिला प्रधान एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार ने स्पेशल लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारी के साथ बैठक की और लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निपटारा किये जाने को लेकर निर्देश दिया।

***********************

देवघर जिले के लोगों के लिए अच्छी खबर है। जसीडीह रेलवे स्टेशन पर समर स्पेशल ट्रेन का ठहराव होगा। गर्मी की छुट्टियों में घूमने के लिए जाने वालों को ट्रेनों में यात्रियों को टिकट नहीं मिल पाता है। इसे देखते हुए रेलवे की ओर से सियालदह और वड़ोदरा के बीच समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है।

***********************

लातेहार सदर थाना क्षेत्र के पतकी के देवराही मोड़ के पास आज सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी पलामू जिले के विश्रामपुर से रांची की ओर जा रहे थे। इसी दौरान

लातेहार जिले के पतकी जंगल के देवबार मोड़ के पास कार अनियंत्रित हो गई और कार एक पेड़ से जा टकराई। दोनों घायलों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बनी हुई है। उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

************************

उत्तर पूर्व असम और बांग्लादेश में साइक्लोनिक सर्कुलेशन तथा बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने के कारण रांची सहित कई जिलों के तापमान में गिरावट आई है। बादल छाने और बूंदाबांदी होने से मौसम सुहाना हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार रांची के तापमान में कल पांच दशमलव छह डिग्री तक की गिरावट आई है। मौसम विभाग के अनुसार आज भी कई जिलों में बादल छाये रहेंगे और बूंदाबांदी होने की संभावना है। जमशेदपुर, सरायकेला, बहरागोड़ा, गोड्डा और पाकुड़ को छोड़कर अन्य शहरों का तापमान चालीस डिग्री से नीचे आ गया है। मौसम विभाग के अनुसार कल से फिर तापमान बढ़ने की संभावना है।

************************

राष्ट्रीय सीनियर फेडरेशन कप कुश्ती प्रतियोगिता वाराणसी में आगामी 24 और 26 अप्रैल को आयोजित की जा रही है जिसमें राज्य टीम में गोड्डा जिले के दो पहलवानों का भी चयन किया गया है। गोड्डा जिला कुश्ती संघ के सचिव ने बताया कि फ्री स्टाइल के सतासी किलोग्राम भार स्पर्धा में राहुल कुमार एवं ग्रीको रोमन शैली के सतासी किलोग्राम भार स्पर्धा के लिए लक्ष्मण बेसरा को राज्य स्तरीय टीम में चुना गया है।

************************

आईपीएल क्रिकेट में आज चेन्नई सुपर किंग्स का मुकाबला लखनऊ सुपर किंग्स से होगा। मैच शाम साढ़े सात बजे से चेपक स्टेडियम में शुरू होगा। पिछली बार दोनों टीमों का सामना पिछले सप्ताह लखनऊ में हुआ था। इससे पहले कल हुए मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने मुबंई इंडियंस के विरूद्ध नौ विकेट से जीत दर्ज की थी।

**********समाप्त**************